आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

वर्ष- 15 अंक 307 ● कटनी ● मंगलवार, 14 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## 22 आइएएस समेत 100 अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले दर्ज

रायपुर । छत्तीसगढ़ में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के 22 अधिकारियों समेत विभिन्न विभाग में पदस्थ 100 से अधिक अधिकारियों के खिलाफभ्रष्टाचार के मामले दर्ज हैं। सोमवार को विधानसभा में विधायक कृष्णमूर्ति बांधी ने आइएएस अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी मांगी थी। इसके लिखित जवाब में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि प्रदेश के 22 आइएएस अधिकारियों के खिलाफमामला दजज़ किया गया है।

## फटाफट खबरें

### श्रीनगर आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ फूटा गुस्सा, सड़कों पर उतरे लोग

**श्रीनगर।** संसद पर हमले की 20वीं बरसी पर सोमवार शाम श्रीनगर के पंथ चौक पर आतंकवादियों ने एक और साजिश को अंजाम दिया। ड्युटी खत्म होने के बाद जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को ले जा रही बस पर बाइक सवारों ने हमला कर दिया। आतंकियों ने बस पर दो तरफसे अंधाधुंध फायरिंग की थी। ताजा खबर है कि एक और घायल जवान रमीज अहमद ने दम तोड़ दिया है। इस तरह शहीदों की संख्या 3 हो गई है। 14 अन्य घायल हैं। जवाबी कारज़्वाई में एक आतंकी भी घायल हुआ, लेकिन दोनों भागने में सफल रहे। सेना ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया है। कश्मीर टाइगसज़ नाम के आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हिट स्क्वॉड भी माना जाता है।

### महाराष्ट्र में 'ओमिक्रॉन' के दो और नए मामले, देश में कुल संक्रमितों की संख्या 41 पहुंची



**महाराष्ट्र।** भारत में ओमिक्रॉन संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर अब 41 हो गई है। पहले की तरह सबसे ज्यादा संक्रमण महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरा सबसे अधिक प्रभावित राज्य राजस्थान है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा है। इसके अलावा केंद्र ने राज्यों से जांच में तेजी लाने के लिए भी कहा है।

### सीहोर में तेज रफ्तार कार ने छह को रौंदा, दो की मौत

**सीहोर।** एक तेज रफ्तार कार ने दो अलग-अलग जगहों पर छह



लोगों को रौंद दिया। इनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया गया। गुस्साई भीड़ ने कार चालक युवक की जमकर धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। मरने वालों में एक नाबालिग है। वहीं घायलों में भी दो नाबालिग हैं। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।जानकारी के मुताबिक सीहोर से भैरुंदा जा रही तेज रफ्तार इनोवा ने ग्राम बीजला गांव के मुख्यमार्ग पर खड़े चार लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक नाबालिग बीजला निवासी 14 साल के प्रवीण पिता भुजराम की मौके पर ही मौत हो गई। कार उसी गति से भैरुंदा तरफनिकल गई, जहां पर ग्रीन गाडज़्न के सामने खड़े दो लोगों को फिर जोरदार टक्कर मारकर कार पलटी खा गई, जिससे महागांव जदीद निवासी 30 वषीज़्य कन्हैया कीर की मौके पर मौत हो गई।




शुभांक - 2-4-6

## PM की पाठशाला

### भाजपा सरकार वाले राज्यों के सीएम को मोदी का संदेश

# विकास के लिए काशी से अच्छा मॉडल नहीं



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन आज बनारस रेल इंजन कारखाना में भाजपा सरकार वाले राज्यों के सीएम के साथ बैठक कर रहे हैं। चार घंटे तक बीएलडब्ल्यू के प्रशासनिक भवन के कीर्ति कक्ष में ये बैठक चल रही है। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों से कहा कि काशी के विकास मॉडल को देखें और इसे अपने यहां अपनाएं। अपने राज्यों में इसका प्रचार-प्रसार भी करें। काशी और अयोध्या के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आगे आएं। पुराने शहरों के मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए जन सहूलियत और सुविधाओं के लिए क्या नया किया जा सकता है, इस पर अपने शासन और प्रशासन को फोकस्ड करें। बीएलडब्ल्यू में उत्तर प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा और




मुख्यमंत्रियों को संबोधित करते हुए पीएम

उत्तराखंड के सीएम के साथ ही बिहार और नागालैंड के उप मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। वाराणसी में मोदी की इस मीटिंग का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि पांच राज्यों में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर बात हो सकती है। साथ ही भाजपा सरकार वाले राज्यों में डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की प्रोग्रेस पर भी चर्चा हो रही है।



पीएम की बैठक में शामिल होने पहुंचे राज्यों के मुख्यमंत्री



### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर

## एक आतंकी ढेर फायरिंग जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मंगलवार सुबह मुठभेड़ हुई है। इस एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। जानकारी के मुताबिक, पुंछ के सुरनकोट में डोरी ढूक नाम की जगह पर सुरक्षाबलों को आतंकियों की मौजूदगी का पता चला था। एक दिन पहले ही श्रीनगर में आतंकियों ने पुलिस की बस पर फायरिंग की थी, जिसमें 3 जवान शहीद हो गए, जबकि 11 घायल हैं। इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर तलाशी अभियान चलाया गया। इसी दौरान छिपे हुए आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र की



घेराबंदी कर रखी है ताकि आतंकियों को भागने का मौका न मिल सके। फिलहाल इलाके में दो से तीन आतंकियों के होने की आशंका है।

### कांग्रेस-शिवसेना फिर आमने-सामने

## मुंबई में राहुल गांधी की सभा को बीएमसी की मंजूरी नहीं

### बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंची कांग्रेस



**मुंबई।** मुंबई के शिवाजी मैदान में 28 दिसंबर को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैली होने वाली थी, लेकिन ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे को देखते हुए बृहन्मुंबई महानगर पालिक ने इस रैली को मंजूरी नहीं दी है। बीएमसी के इस फैसले के खिलाफ कांग्रेस के नेताओं ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है।यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि बीएमसी में शिवसेना की सत्ता है और महाराष्ट्र में महाआघाड़ी की गठबंधन की सरकार है। इसमें शिवसेना और राकांपा के अलावा कांग्रेस भी शामिल है।बावजूद इसके मुंबई में राहुल की रैली को लेकर दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे में अपनी सहयोगी पाटीज़ के खिलाफ अदालत जाने का कांग्रेस का यह फैसला दोनों दलों के बीच फिर से टकराव खड़ा कर सकता है। अदालत ने यह याचिका स्वीकार कर ली है और बॉम्बे हाई कोटज़ में कल इस मामले की सुनवाई होने की उम्मीद है। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष भाई जगताप की ओर से दायर इस याचिका में राज्य सरकार, मुंबई पुलिस कमिश्नर, बीएमसी, बीएमसी कमिश्नर को पार्टी बनाया गया है। हालांकि, बीएमसी का कहना है कि हाईकोटज़ के आदेश के बाद से शिवाजी पाकज़ में सभी राजनीतिक सभा और रैली करने पर रोक है। यहां सिफ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। वह भी साल मे सिफ़ 3-4 दिन ही। याचिका में रैली का आयोजन शिवाजी पाकज़ में करने की अनुमति मांगी गई है।इसके जवाब में राज्य के गृहमंत्री दिलीप वालसे पाटिल ने कहा था, 'धारा 144 का फैसला मुंबई पुलिस कमिश्नर का था। हमने अभी तक राहुल गांधी की 28 दिसंबर को होने वाली मुंबई की रैली के लिए इजाजत लेने की कोई पहल नहीं की है, ना ही कोई फैसला किया है।'



### राहुल के दौरे पर ओवैसी ने उठाया था सवाल

इस दौरे को लेकर रविवार को चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी सवाल उठाया था। उनकी रैली रोकने के मुंबई पुलिस के फैसले के खिलाफ ओवैसी ने कहा था कि ओमीक्रॉन का खतरा आज है तो क्या जब राहुल गांधी आएंगे तो वो टल जाएगा? अगर ओमीक्रॉन का खतरा नहीं टलेगा तो क्या राहुल गांधी की रैली के वक्त भी धारा 144 लागू नहीं की जानी चाहिए?



### नागपुर-अकोला समेत

## महाराष्ट्र विधान परिषद की 6 में से 4 सीट पर बीजेपी जीती

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर नागुपर और अकोला से आ रही है। मंगलवार को यहां एमएससी चुनावों की मतगणना हुई, जिसमें दोनों सीटों पर भाजपा विजयी हुई और सत्तारुढ़ शिवसेना, एनसीपी, कांग्रेस गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा इस परिणाम से उत्साहित है और उद्धव ठाकरे सरकार की उल्टी गिनती बता रही है। प्रदेश चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक नागपुर नगर निगम (एमएलसी) और अकोला-वाशिम-बुलढाणा स्थानीय निकाय निवाज़्चन के चुनाव परिणाम घोषित किए जा रहे हैं। विधान परिषद की दोनों सीटों के लिए 10 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। राज्य में कुल छह सीटों के लिए चुनाव हुए थे, जिनमें से चार सीटों पर निर्विरोध मतदान हुआ था। भाजपा उम्मीदवारों ने नागपुर और अकोला-वाशिम-बुलढाणा दोनों सीटों पर जीत हासिल की है। अकोला में भाजपा के वसंत खंडेलवाल जीते हैं।

### मायावती का दावा

### पंजाब में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आएगा

## बसपा-अकाली दल का गठबंधन

**नई दिल्ली।** बसपा प्रमुख एवं यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पंजाब के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में पंजाब विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी का गठबंधन पूणज़ बहुमत के साथ सत्ता में आएगा।
विधानसभा चुनाव से पहले आज (मंगलवार) मोगा में अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी की मेगा रैली है। रैली में पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल पर सबकी नजरें रहेंगी। बसपा की और से सतीश मिश्र भी मौजूद रहेंगे। शिरोमणि अकाली दल ने दावा किया है कि रैली में दो लाख लोगों की भीड़ जुटेगी।
शिअद प्रवक्ता दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि बादल सक्रिय और फिट हैं। कुछ महीनों में मोगा की रैली उनकी पहली बड़ी सावज़्जनिक उपस्थिति होगी।



बसपा प्रधान मायावती की अनुपस्थिति पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में चुनाव के कारण वह नहीं आ सकी हैं।
मायावती ने यूपी चुनाव को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे यूपी के विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। भाजपा नई-नई परियोजनाओं का शिलान्यास और आधे-अधूरे प्रोजेक्ट का लोकापज़्ण कर रही है। यह पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ाने में काम नहीं आएगा।

## नर्मदा नदी में इस साल 11 प्रतिशत पानी कम

### सरदार सरोवर बांध से अगले माह नहीं मिलेगी एमपी को बिजली

**इंदौर।** तीन हजार किलोमीटर लंबाई में बहने वाली नर्मदा नदी में इस साल 11प्रतिशत पानी कम है। इस वजह से नदी पर बने छोटे बांध तो लबालब है, लेकिन बड़े बाध पूरी क्षमता से नहीं भर पाए। नदी पर बने सबसे बड़े सरदार सरोवर बांध में भी इतना पानी एकत्र नहीं हो पाया कि सालभर उससे बिजली पैदा हो सके। पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में तय हुआ था कि फसलों के



लिए मध्य प्रदेश को नवबंर और दिसंबर तक बिजली दी जाए। इस मांग पर अमल हुआ और 20 दिसंबर तक प्रदेश को बांध से बिजली देने का फैसला हुआ है।

### चीन सीमा तक सेनाओं की पहुंच आसान होगी

## चारधाम प्रोजेक्ट के तहत दो लेन की सड़क को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चारधाम रोड प्रोजेक्ट के तहत दो लेन की सड़क बनाने को मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्टज़ ने सेनाओं के लिए इसके रणनीतिक महत्व को देखते हुए डबल लेन का रोड बनाने को स्वीकृति दी है। चीन के साथ हाल के दिनों में बने तनाव के मद्देनजर इस सड़क के जरिए सेनाओं को चीन की सीमा तक पहुंचने में आसानी होगी। कोटज़ ने अपने 8 सिंतबर 2020 के आदेश को संशोधित करते हुए प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत ऋषिकेश से माना, ऋषिकेश से गंगोत्री और ऋषिकेश से पिथौरागढ़ तक डबल लेन के रोड



बनेंगे। सेनाओं के लिए ये तीनों ही रोड बेहद अहम हैं, क्योंकि इन तीनों सड़कों से उसे चीन की सीमा तक पहुंचने के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिल जाएगी।

### सुनामी की चेतावनी जारी: साल 2004 में भी आया था भूकंप

## इंडोनेशिया में 7.6 तीव्रता का भूकंप के झटके

जकार्ता। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, पूर्वी इंडोनेशिया में मंगलवार तड़के को 7.3 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए. इसके साथ ही सुनामी की चेतावनी भी जारी की गई है. नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र शहर से 100 किलोमीटर से उत्तर समंदर में 18.5 किलोमीटर की गहराई में था। स्थानीय समयानुसार भूकंप के झटके तड़के 3.20 बजे महसूस किए गए.प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा है, भूकंप केंद्र से 1,000 किमी (600 मील) के दायरे में समुद्री तटों पर खतरनाक सुनामी लहरें आ सकती हैं.। यूएसजीएस ने कहा कि हताहतों की संख्या कम थी.




हालांकि, इस क्षेत्र में हाल के भूकंप सुनामी और भूस्खलन जैसे माध्यमिक खतरों का कारण बना है जो नुकसानदायक हो सकते हैं। प्रशांत रिंग ऑफ फायर पर अपनी स्थिति के कारण इंडोनेशिया लगातार भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट का अनुभव करता रहा है. वहां तीव्र भूकंपीय गतिविधि का एक चाप बना हुआ है, जहां टेक्टोनिक प्लेट्स टकराती हैं. यह जापान से दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत बेसिन के बीच फैली हुई है।
बता दें कि साल 2004 में इंडोनेशिया के सुमात्रा तट पर 9.1 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था. इसके बाद वहीं से सूनामी की शुरुआत हुई थी, जिसमें इंडोनेशिया में लगभग 1,70,000 सहित पूरे क्षेत्र में 2, 20,000 लोग मारे गए थे.

### भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण मामले

## आज यूके हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**एजेंसी।** ब्रिटेन हाईकोर्ट मानसिक स्वास्थ्य और मानवाधिकारों के आधार पर बैंक धोखाधड़ी मामले में भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की प्रत्यर्पण अपील पर आज सुनवाई करेगा।नीरव मोदी को इस साल अगस्त की शुरुआत में इस आधार पर धोखाधड़ी के आरोपों का सामना करने के लिए यूके से भारत में उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील करने की अनुमति दी गई थी कि भारत लौटने से उसके मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान होगा और उसे आत्महत्या का खतरा होगा।
नीरव मोदी के वकीलों ने लंबे



समय से तर्क दिया था कि उनके मुवक्किल गंभीर अवसाद से पीड़ित हैं और अगर उन्हें अदालत में पेश होने तक मुंबई की आथज़्र रोड जेल में कैद किया जाता है तो उन्हें पयाज़्त चिकित्सा देखभाल नहीं मिलेगी।

कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# शहर में डेस्टिनेशन वेडिंग की होड़, एक माह बाद की बुकिंग अभी से शुरू

**कटनी।** कटनी में कल कम से कम तीन सौ से पांच सौ विवाह समारोह आयोजित हुए कल दिसंबर माह में अंतिम मुहूर्त था। लिहाजा लोगों ने इसी मुहूर्त में विवाह आयोजन को करना ज्यादा उचित समझा अब करीब एक माह के बाद विवाह समारोहों की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। इसका कारण मुख्य रूप से कोरोना की संभावित आहट है। खास बात यह है कि लोग अब डेस्टिनेशन विवाह की तरफ भी रूख कर रहें हैं। आने वाले विवाह समारोहों के लिए कटनी से कोई दर्जन परिवारों ने डेस्टिनेशन विवाह का रूख किया है। कहें तो अतिश्योक्ति नहीं कि शहर के करोड़पति लोगों में डेस्टिनेशन वेडिंग की होड़ शुरू हो गई है। बीते वैवाहिक सीजन में 15 से ज्यादा चार्टर्ड फ्लाइट की भी बुकिंग हुई थीं। यह विमान इंदौर ग्वालियर सहित कई शहरों में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उड़ान भर चुके हैं। रेल मार्ग से लग्जरी यात्रा और सड़क मार्ग से जाने वाले परिवारों की कोई गिनती नहीं है। ज्यादातर लोग राजस्थान और गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग पसंद कर रहे हैं।

### डेस्टिनेशन वेडिंग क्या होता है

डेस्टिनेशन वेडिंग का मतलब होता है। लड़के वाले और लड़की वालों के शहर को छोड़कर किसी तीसरे डेस्टिनेशन पर जाकर शादी करना।



कुछ समय पहले तक ऐसे पब्लिक फिगर जो अपने शादी समारोह को बेहद सामान्य और शोर-शराबे से दूर रखना चाहते थे, डेस्टिनेशन वेडिंग की शुरुआत की थी। अब कई सारी एजेंसियां डेस्टिनेशन वेडिंग के बिजनेस में काम कर रही हैं। इसमें कई फीचर्स भी आ गए हैं। रॉयल डेस्टिनेशन वेडिंग, कंटेंपरेरी डेस्टिनेशन वेडिंग और इसी प्रकार की कई थीम बनने लगी।

गोवा नंबर वन पर है। यहां बीच वेडिंग, गार्डन वेडिंग, सनसेट वेडिंग ऐसे कई ऑप्शन है। नंबर दो पर राजस्थान का नाम आता है। यहां पर रॉयल प्लेस किराए पर मिल जाते हैं। जयपुर के अलावा उदयपुर और जोधपुर सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। तीसरे नंबर पर केरल आता है क्योंकि यहां भी कई सारे बीच और रिसॉर्ट हैं।मलयाली वेडिंग सेरेमनी आकर्षण का केंद्र होती है। अंडमान और निकोबार जाकर शादी करने वालों की कमी नहीं है। सफेद रेत वाले समुद्री बीच लोगों को आकर्षित करते हैं। लवासा, महाराष्ट्र में पुणे के पास एक ऐसा स्थान है जहां पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। झरने, पहाड़, झील और कई सारे नेचुरल व्यूज हैं। प्रकृति की गोद में डेस्टिनेशन वेडिंग का प्लान कई लोगों को पसंद आता है।

# 19 को पैदल चाल में दिखेगी प्रतिभा

## 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी हो सकेंगे स्पर्धा में शामिल

**कटनी।** कटनी जिले के इतिहास में पहली बार पैदल चाल स्पर्धा का आयोजन 19 दिसंबर रविवार की सुबह 6 बजे होने जा रहा है। कटनी जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित होने जा रही यह स्पर्धा पुरुष और महिला वर्ग में 35 से अधिक आयु वर्ग के लिए होगी। जिसमें 35+, 40+, 45+, 50+, 55+, 60+, 65+, 70+, 75+, 80+ ,85+, 90+ आयु वर्ग के प्रतिभागी स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी आदेश खरया ने बताया कि स्पर्धा के तहत पुरुष एवम् महिला वर्ग के लिए अलग अलग रुट चार्ट तैयार किया गया है। जिसमें पुरुष वर्ग के सभी आयु वर्ग के लिए स्पर्धा फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से सुबह 6 बजे प्रारंभ होगी तथा गणेश चौक, स्टेशन तिराहा, सुभाष चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक, मिशन चौक, थाना तिराहा, एसबीआई तिराहा, कचहरी चौक होते हुए फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड पहुंच कर संपन्न होगी। इसी तरह महिला वर्ग के सभी आयु वर्ग के लिए यह स्पर्धा सुबह 6 बजे फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से प्रारंभ होकर गणेश चौक, स्टेशन तिराहा, सुभाष चौक, कचहरी चौक होकर फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड पहुंच कर संपन्न होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतियोगिता शुल्क 100 रुपए निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी पवन सेल्स समदडिया सिटी यूनियन बैंक के पास माधवनगर, स्काय कुरियर, शनि मंदिर के पास हीरागंज, आशीष श्रृंगार सदन आजाद चौक, मदन साइकिल बजरिया ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, नाज़ हार्डवेयर मेन मार्केट एनकेजे, सुरेश स्टेशनरी पोस्ट ऑफिस गली कटनी, कदमा अध्यक्ष राजेश मनोध्या, सचिव आलोक जोसफ, कोषाध्यक्ष के एल कनकने, सह सचिव देवी सिंह डब्बू, जगदीश गुप्ता, मीडिया प्रभारी आदेश खरया से संपर्क कर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।



# कर्मचारियों के लिए GPF से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना

**कटनी।** मध्य प्रदेश शासन के ऐसे कर्मचारी जिन्हें जनरल प्रोविडेंट फंड की पात्रता प्राप्त है, के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। EPF की तरह अब GPF की जानकारी भी कर्मचारियों के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। महालेखाकार ग्वालियर द्वारा सामान्य भविष्य निधि की पात्रता रखने वाले राज्य शासन के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए एसएमएस सुविधा शुरू की जा रही है। इस व्यवस्था में अधिकारी-कर्मचारियों को महालेखाकार की ओर से आवश्यक जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जायेगी।

# सत्य,धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं प्रभु

## भागवत कथा में कथा व्यास प शिवकांत शास्त्री के उदगार

**कटनी।** सत्य और धर्म की रक्षा के लिए भगवान को धरती पर मानव रूप में अवतरित होकर मानव लीलाएं करना पड़ी।जब भी पृथ्वी पर अनाचार बढ़ा तो भगवान ने मानव रूप रखकर लोगों को पापाचार से मुक्ति दिलाई।उक्ताशय के उदगार कथाव्यास प शिवकांत शास्त्री ने तिलक कालेज के पीछे आयोजित हो रही भागवत में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का वर्णन करते हुए व्यक्त किये।उन्होंने आगे कहा कि कंस के अत्याचारों से जब लोगों का जीना मुश्किल हो गया।तब मनुष्य अवतार लेकर प्रभु में कंस और उसके मायाजाल से मुक्ति दिलाकर सत्य धर्म की रक्षा की। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर बधाई गीत भजनके बीच श्रद्धालु झूम उठे और जयकारों से पूरा वातावरण भक्ति में डूब गया।बालरूप भगवान की आकर्षक झांकी का सभी ने पूजन अर्चन किया।दौरान स्रोता पुरुषोत्तम गौतम, सुरेंद्र प्रसाद गर्ग,श्रीमति शीलकुमारी गर्ग, ओमकार प्रसाद गर्ग, सरमन तिवारी, चंद्र मोहन मिश्रा, राहुल शास्त्री, धर्मेंद्र तिवारी, नीलू उपाध्याय, नमन तिवारी, निखिल तिवारी, कृष्णकुमार, रविशंकर, सनत कुमार गर्ग, राजकुमार, जितेंद्र, नरेंद्र गर्ग, राजेश मिश्रा,ललित कुमार, प्रयाग पांडे, पवन चतुर्वेदी, नवीन तिवारी,राकेश तिवारी, विद्याधर मिश्रा, के एल पांडे मुकेश गर्ग,अशोक श्रीवास्तव निधि चतुर्वेदी, लेखा गर्ग, विनीता, ज्योति, मनीषा, माधुरी परोहा प्रतिमा, रीति, सविता तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन समिति ने लोगों से प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित कथा श्रवण का आग्रह किया है।





# शावकों को किया गया शिफ्ट पर बाघिन नहीं मिली

***कटनी।*** *ऐसा कम ही सुनने मिलता है कि कोई बाघिन अपने बच्चों को भूल जाए, पर कटनी से सटे उमरिया वन परिक्षेत्र में कुछ ऐसा ही हुआ। एक बाघिन अपने बच्चों को भूल गई। इसे ढूंढने के अब तक के सारे प्रयास विफल रहे साथ ही वह कई घंटे बीत जाने के बाद भी स्वयं भी वापस नहीं आये लिहाजा बाघिन के साथ किसी हादसे से भी इंकार नहीं किया जा सकता।*

बाघिन अपने बच्चों को बरही वन परिक्षेत्र के झिरिया गांव में छोड़ कर चली गई है और आने का नाम नहीं ले रही है। वन विभाग बाघिन का इंतजार कर रहा है कि बाघिन आए और अपने बच्चों को ले जाए लेकिन बाघिन है कि बच्चों की सुध ही भूल गई है। वहीं वन विभाग सोमवार को पूरा दिन बाघ के बच्चों की सार संभाल में लगा रहा। डॉ. विपिन गुप्ता की देखरेख में बच्चों को फिलहाल झिरिया गांव से झिरिया नर्सरी में शिफ्ट करवाया गया है। वन विभाग के मुताबिक यह बाघिन का प्राकृतिक वन परिक्षेत्र है। इसलिए यहां पर बाघिन का विचरण रहता है। बाघ के बच्चे आसानी से मां के बिना दस से बारह दिन रह लेते हैं। इसलिए चिंता की बात नहीं है। डॉक्टर के संरक्षण में बच्चों को खाने व पीने की वस्तुएं दी जा रही हैं। वहीं जबलपुर से आया डॉगस्क्वाड भी बाघिन की तलाश में लग गया है। बाघिन के पगमार्क तलाशे जा रहे हैं लेकिन बाघिन की जानकारी फिलहाल नहीं मिल पा रही है। बच्चों को झिरिया नर्सरी में शिफ्ट किया गया है। यहां पर कैमरे भी लगाए गए हैं। वन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। वन विभाग सिद्दत बाघिन का इंतजार कर रहा है कि बाघिन जरूर आएगी और अपने बच्चों को अपने साथ ले जाएगी।

## कटनी का अनूठा प्रदर्शन प्रदेश की चर्चा में

# ट्रांसफार्मर को फूल माला पहनाकर पहुंचे बिजली दफ्तर

### खास बातें

**साल से कृषि ट्रांसफार्मर का नही कराया जा रहा सुधारकार्य**

**किसानों 4 घण्टे तक परेशान हुए किसान नही पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारी**

**बहोरीबंद विधानसभा के ग्राम पंचायत पटना का मामला**

**कटनी।** जिले के एक गांव में कल हुए ग्रामीणों के प्रदर्शन ने प्रदेश की मीडिया में तो ध्यान खींचा ही साथ ही अधिकारियों के भी होश उड़ा दिये। दरअसल रबी सीजन की खेती का दौर अंतिम ओर चल रहा है।लेकिन बहोरीबंद विकासखण्ड मैं विद्युत विभाग की लचर लाफ़रवाही से कृषक बहुत परेशान है।जब रबी सीजन की खेती अंतिम दौर पर है तब विकासखण्ड का ग्राम पटना रबी सीजन की खेती की शुरुआत नही हो सकी है।

कृषि ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते कृषक पलेवा के लिए परेशान है। विद्युत विभाग की लाफ़रवाही से परेशान 40 कृषको का दल सोमवार को ग्राम पटना से कृषि ट्रांसफार्मर पर फूल माला पहनाकर टैक्टर मैं लोडकर सहायक अभियंता कार्यालय स्लीमनाबाद पहुंचे। जहां सहायक अभियंता कार्यालय बन्द मिला। किसानों ने 4 घण्टे तक विद्युत विभाग के अधिकारियों का इंतजार किया लेकिन कोई भी विद्युत विभाग का अधिकारी किसानों की समस्याओं को सुनने नही पहुँचा।

कृषक रमेश पटेल,कमलेश तिवारी,पप्पू पटेल, इंद्र सिंह पटेल, बाला प्रसाद, कमलेश पटेल, उम्मेद पटेल, शंकर पटेल, कन्हैया पटेल ने बताया कि ग्राम पटना मैं एक ही कृषि ट्रांसफार्मर है। जिससे 40 कनेक्शन है। लेकिन आये दिन ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है। सुधारकार्य के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन के साथ शिकायत भी जाकर कार्यालय में की जाती है। लेकिन कोई तवज्जो नही दी जाती है। आलम यह है कि कृषकों ने तो खरीफ सीजन की खेती से हाथ धो ही लिया। अब रबी सीजन की फसल से भी हाथ से निकल जायेगी। सैकड़ों एकड़ भूमि वीरान पड़ी हुई है। बहोरीबंद जेई तो फोन तक नही उठाते। साथ ही विधायक से भी कई बार समस्याओं को लेकर अवगत कराया गया । जिस पर उनके द्वारा नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था के लिए बाकल जेई को पत्र लिखकर निर्देशित किया गया पर विधायक के निर्देशों का भी पालन नही हो रहा।



*ग्राम पटना के कृषक कृषि ट्रांसफार्मर की समस्या को सोमवार को स्लीमनाबाद पहुंचे थे मुझे जानकारी प्राप्त हुई थी। यदि 4 घण्टे कृषक कार्यालय मैं परेशान हुए और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर नही पहुँचे तो यह विषय गम्भीर है।वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध मे जानकारी दी जाएगी*

*प्रणय पांडेय विधायक बहोरीबंद विधानसभा*

# एमपी अग्रहरि समाज के चुनाव 26 को सतना में, कटनी की होगी भागीदारी, तैयारी शुरू

**कटनी।** सामाजिक चुनाव भी किसी राजनीतिक चुनाव से कम नहीं होते इसी का उदाहरण है कि सामाजिक चुनाव भले ही दूसरे जिले में हैं लेकिन इन चुनावों में कटनी जिले की भागीदारी को ठोस बनाने की तैयारी तेज हैं। हम बता रहे हैं अग्रहरि समाज के बारे में। अखिल भारतीय अग्रहरि समाज के बैनर तले मध्यप्रदेश अग्रहरि समाज के मूल संगठन का चुनाव आगामी 26 दिसंबर 2021 दिन रविवार को सतना में संपन्न होंगे जहां प्रदेश अध्यक्ष प्रदेशमहामंत्री प्रदेश कोषाध्यक्ष के पदों का चुनाव द्वारा निर्वाचन किया जाएगा चुनावी प्रक्रिया में मध्य प्रदेश अग्रहरि समाज के पत्रिका सदस्य व शुल्क से बने नवीन प्रदेश सदस्यों के द्वारा मतदान किया जाएगा जहां चुनाव अधिकारी लक्ष्मीनारायण अग्रहरी उप चुनाव अधिकारी विनय अग्रहरी चुनाव व्यवस्थापक सुप्रीत अग्रहरी विवेक अग्रहरी पीठासीन मतदान अधिकारी अशोक अग्रहरि व सहायक पीठासीन अधिकारी नितिन अग्रहरी होंगे कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रहरी के नेतृत्व में चुनाव कार्य कराया जाएगा मालूम हो कि मध्य प्रदेश अग्रहरी समाज के तीनों पदों का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है चुने हुए प्रतिनिधि प्रदेश के समाज का नेतृत्व करेंगे चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक पद्धति से होगा।

# नए साल में कई कर्मचारियों के वेतन में बंपर बढ़ोतरी की संभावना

**कटनी।** शहर में कर्मचारियों के बीच वेतन बढ़ने को लेकर चर्चा है। कर्मचारियों का कहना है कि आने वाले साल में वेतन में बढ़ोत्तरी होगी।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक खुशखबरी लेकर नए साल में इन कर्मचारियों के वेतन में बंपर बढ़ोतरी की संभावना है। यह जानकारी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को हाल ही में महंगाई भत्ते(DA), एचआरए (HRA) और टीए (TA) में बढ़ोतरी के बाद आई है। इसके अलावा केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नए साल का शानदार तोहफा मिल सकता है, क्योंकि सरकार 7वें वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने की संभावना है।

# आन और आफ लाइन में उलझे छात्र

**कटनी।** आन और आफ लाइन में उलझे छात्र छात्र एक बार फिर से भ्रमित हैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा और उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा सर्कुलर जारी कर दिए जाने के बाद उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन सिंह यादव ने मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं तो ऑफलाइन ही आयोजित की जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए डॉक्टर मोहन सिंह यादव ने कहा कि हमारे पास ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित कराने की व्यवस्था नहीं है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि परीक्षाओं को ऑफलाइन ही आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों को परीक्षा में किसी प्रकार की असुविधा ना हो इस बात का पूरा ध्यान रखेंगे। कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले साल संक्रमण का खतरा था इसलिए ऑनलाइन और ओपन बुक पैटर्न पर परीक्षाएं कराई थी। इस साल संक्रमण का खतरा नहीं है। कटनी में इसे लेकर छात्रों को भारी दुविधा है। मसले पर छात्र संगठनों की चुप्पी है लिहाजा अब तक सही जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही। सरकारी तथा निजि कालेजों के पास भी कोई जानकारी नहीं है। इस पर उच्च शिक्षामंत्री का आदेश टेंशन दे रहा है। जल्द ही इस बारे कोई आदेश नहीं आया तो छात्र परेशान रहेंगे।



# ठिठुरन से मामूली राहत, दो दिन बाद फिर कड़ाके की ठंड

**कटनी।** मध्य प्रदेश के लगभग सभी जिलों में ठंड बरकरार है। कटनी में भी बीते दो दिनों से पारा लगातार नीचे जा रहा था। अभी फिलहाल ठंड इसी तरह बनी रहेगी। हालांकि अभी दो दिन न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के आसपास सक्रिय है। इसके प्रभाव से राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है। उसके प्रभाव से रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने लगी है, लेकिन आज मंगलवार से वहां भी तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो सोमवार को कटनी का अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेलसियस अधिक रहा। वहीं मंगलवार को न्यूनतम तापमान भी 15.2 डिग्री सेलसियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 4.1 डिग्री सेलसियस अधिक रहा।

## पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव

साथ ही यह सोमवार के न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेलसियस से 3.3 डिग्री अधिक रहा। बीते चौबीस घंटों के दौरा न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेलसियस रिकार्ड किया गया। वहीं बात प्रदेश की करें तो पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 08 डिग्री सेलसियस रहा। एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के आसपास सक्रिय है। इसके प्रभाव से राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है। साथ ही हवा के ऊपरी भाग में लगभग डेढ़ किलोमीटर ऊपर एक चक्रवात बन गया है। जिसके चलते न्यूनतम और अधिकतम तापमान कुछ बढ़ने लगा है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 16 से 1,4,7 एवं रात्रि 10 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(NO WAY HOME )
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो दोपहर ता. 17 से 12, 3 ,6, एवं रात्रि 9 बजे से (हिन्दी में)
PUSHPA (THE RISE)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




एडवांस बुकिंग चालू है
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 17 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार,14 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## पंचायत चुनाव में पानी की तरह पैसा खर्च कर सकेंगे उम्मीदवार




### प्रचार, जनसंपर्क, रैलियों और सभाओं में होने वाले खर्च की सीमा पर अब कोई रोक नहीं

**कटनी। चुनाव में पैसे का दुरुपयोग रोकने के लिए चुनाव आयोग ने प्रचार के दौरान खर्च की सीमा तय की है, लेकिन मध्यप्रदेश पंचायत चुनाव के दौरान पैसे खर्च करने पर कोई रोक नहीं होगी, यानी उम्मीदवार जितना चाहे, उतना पैसा खर्च कर सकता है। उससे कोई पूछताछ नहीं होगी और न ही किसी तरह का हिसाब मांगा जाएगा। खासबात ये है कि मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग ने नगर पंचायत, नगर पालिका और निगम के अध्यक्ष और महापौर के लिए खर्च की सीमा तय कर रखी है, लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में खर्च की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है।**

**चुनाव में पैसे का दुरुपयोग रोकने के लिए नगरीय निकाय चुनाव में तय है खर्च की सीमा**



मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव बी एस जामोद ने बताया कि पंचायत चुनाव में उम्मीदवारों के लिए खर्च की कोई सीमा तय नहीं की गई है। मध्यप्रदेश पंचायत चुनाव का ऐलान होते ही सरगर्मी बढ़ गई है। भावी उम्मीदवार तैयारियों में जुट गए हैं। उत्तरप्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में जहां पंचायत चुनाव में अधिकतम खर्च की सीमा तय की गई है तो वहीं मध्यप्रदेश में ऐसी कोई लिमिट तय नहीं की गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उम्मीदवार जितना चाहे पैसे खर्च कर सकते हैं, यानी चुनाव में पानी की तरह पैसा बहता देखा जाएगा, हालांकि निर्वाचन आयोग ने कुछ गाइडलाइन्स तय की हैं, जिनका पालन करना जरूरी होगा। निर्वाचन आयोग ने भले ही प्रचार के लिए खर्च की सीमा नहीं रखी है लेकिन उम्मीदवारों के लिए कुछ नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के लिए इन नियमों का पालन करना होगा। सभा, रैली, जुलूस के आयोजन से पहले सक्षम अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मतदान से 48 घंटे पहले सार्वजनिक सभा, जुलूस, रैली पर प्रतिबंध रहेगा। प्रचार के दौरान कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करना अनिवार्य होगा।

#### इतनी राशि जमा करनी होगी उम्मीदवारों को

नामांकन के समय जिला पंचायत सदस्य के लिए 8 हजार रूपए, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 4 हजार रूपए, ग्राम पंचायत के सरपंच के लिए 2 हजार रूपए एवं ग्राम पंचायत पंच के लिए 400 रूपए जमा करने होंगे, जबकि एससी, एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला उम्मीदवारों के लिए इसकी आधी राशि जमा करनी होगी।

#### इनके लिए है चुनाव खर्च की सीमा

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम के अध्यक्ष और महापौर के लिए खर्च की सीमा तय कर रखी है। नगर पंचायत के पार्षद के लिए खर्च की सीमा 75 हजार रूपए, 10 लाख आबादी से ज्यादा वाले महानगरों के पार्षद के लिए 8 लाख 75 हजार रूपए, 10 लाख से कम आबादी वाले निगम में खर्च की सीमा 3 लाख 75 हजार रूपए, 1 लाख से अधिक आबादी वाली नगर पालिकाओं में खर्च की सीमा 2 लाख 50 हजार रूपए, 50 हजार से 1 लाख तक की आबादी पर खर्च की सीमा 1 लाख 50 हजार रूपए, 50 हजार से कम आबादी वाली नगर पालिका में 1 लाख तय की गई है।

### पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार

पंचायत चुनाव में पूरे प्रदेश में 3 करोड़ 92 लाख 51 हजार 811 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 3 मार्च 2021 को हो चुका है। अपडेटेड मतदाता सूची के मुताबिक प्रदेश में 2 करोड़ 2 लाख 30 हजार 95 पुरुष मतदाता और 1 करोड़ 90 लाख 20 हजार 672 महिला मतदाता हैं, इसके अलावा 1044 अन्य मतदाता है।

#### मतपत्रों का रंग तय

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनाव में उपयोग होने वाले मतपत्रों का रंग तय किया है। जिसमे जिला पंचायत सदस्य के लिए मतपत्रों का रंग गुलाबी होगा। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला, ग्राम पंचायत सरपंच के लिए नीला, जबकि पंच के लिए सफेद रंग तय किया गया है।

#### चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम

चुनाव से जुड़ी शिकायतों के फौरन निराकरण के लिए आयोग मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। चुनाव से जुड़ी शिकायत के लिए 0755-2551076 नंबर पर कॉल किया जा सकता है, इसके अलावा जिला स्तर पर शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

## 18 दिसंबर को होगा जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण

**कटनी।** जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण अब 18 दिसंबर को होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सोमवार को होने वाली आरक्षण की प्रक्रिया को स्थगित करते हुए नई तारीख घोषित कर दी। इस पूरे मामले को सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण और परिसीमन को लेकर होने वाली सुनवाई से जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में पंचायत चुनाव वर्ष 2014 में हुए आरक्षण और परिसीमन के आधार पर कराए जाने का निर्णय लिया है। पिछले साल पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राज्य सरकार द्वारा पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों का आरक्षण कराया गया था लेकिन इसी बीच कोरोना संक्रमण की दस्तक की वजह से पंचायत चुनाव को टालना पड़ा था और तब से लेकर अभी तक पंचायत चुनाव की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई थी। राज्य सरकार द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण कराए जाने के साथ ही कमलाथ सरकार द्वारा किए गए परिसीमन और आरक्षण को निरस्त करते हुए 2014 में हुए आरक्षण के आधार पर ही चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया था। इसी के साथ ही आज 14 दिसंबर को जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण कराए जाने की तारीख घोषित की गई थी। माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा 2019 के परिसीमन और आरक्षण को निरस्त किए जाने के विरुद्ध दायर याचिका पर मंगलवार को होने वाली सुनवाई को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह सुनवाई सोमवार को प्रस्तावित थी, लेकिन नहीं हो पाई।

**सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस की याचिका पर आज शाम तक आ सकता फैसला**

#### हाईकोर्ट के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

प्रदेश सरकार ने 2019 में कमलनाथ सरकार द्वारा किए गए परिसीमन को निरस्त करते हुए आरक्षण व्यवस्था 2014 के चुनाव वाली लागू की है। जिसको लेकर कांग्रेस ने मप्र हाईकोर्ट में चुनौती थी, लेकिन कोई राहत नहीं मिलने पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इसकी कल सुनवाई होना थी, लेकिन अब यह आज होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष के पद के लिए मंगलवार को आरक्षण होना था। लेकिन विभाग ने इसे स्थगित कर दिया। विभागीय सूचना में इसका कोई कारण नहीं बताया गया लेकिन माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को देखते हुए इसे स्थगित करते हुए 18 दिसंबर को जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी के सभागार में करने का निर्णय लिया गया है।

## पहले दिन एक भी नामांकन जमा नहीं




**20 दिसंबर तक लिए और जमा किए जा सकेंगे नाम निर्देशन पत्र**

**कटनी।** पंचायत चुनाव प्रक्रिया के पहले दिन कल सोमवार को एक भी नामांकन जमा नहीं हुए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि जिले में पहले और दूसरे चरण के लिए 13 दिसंबर से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने और जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। निर्वाचन को लेकर सभी नाम निर्देशन पत्र केन्द्रों में मतदान केन्द्रों, मतदाताओं संबंधी जानकारी आदि की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पहले दिन चारों जनपद पंचायतों के लिए किसी भी पद के लिए कोई नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। विदित हो कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले में पंचायत निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। सोमवार को पंचायत निर्वाचन के प्रथम व द्वितीय चरण के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र लेने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत स्तर पर जनपद सदस्यों व जनपद स्तर और क्लस्टर स्तर पर सरपंच व पंच फार्म जमा करने की व्यवस्था की गई थी, जहां रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में नाम निर्देशन पत्र जमा करने मौजूद रहे।

### अब अप्रैल तक चलेगी रानी कमलापति अगरतला एक्सप्रेस

#### ट्रेन के संचालन की अवधि में रेलवे ने किया विस्तार

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति-अगरतला-कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित दिन, ठहराव, समय-सारिणी और कोच कम्पोजीशन यथावत रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना से होते हुए गंतव्य को जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति अगरतला रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 6 जनवरी से 31 मार्च तक और वापसी में गाड़ी संख्या 01666 अगरतला से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक 9 जनवरी से 3 अप्रैल तक के लिए चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे पूर्व गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति अगरतला एक्सप्रेस स्पेशल को 30 दिसंबर तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 01666 अगरतला रानी कमलापति एक्सप्रेस स्टेशन को 2 जनवरी तक चलाने का निर्णय लिया गया था, जिसे क्रमशः 31 मार्च और 3 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। यह गाड़ी पूर्णतः आरक्षित है। इसमें कन्फर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा.निर्देशो का कृपया पूरी तरह पालन किया जाए।

### 16 और 19 दिसंबर को निरस्त रहेगी पुरी बलसाड़ एक्सप्रेस

**कटनी।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मण्डल के बेलपहाड़-हिमगिर रेलखण्ड पर चौथी रेल लाइन चालू करने के लिए बेलपहाड़ स्टेशन पर प्री नॉन/नॉन इंटर लॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि के दौरान इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर एवं भोपाल मण्डल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22909/22910 बलसाड़ पुरी बलसाड़ एक्सप्रेस ट्रेन को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 22909 बलसाड़ पुरी एक्सप्रेस ट्रेन 16 दिसंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन बलसाड़ और वापसी में गाड़ी संख्या 22910 पुरी से बलसाड़ एक्सप्रेस ट्रेन 19 दिसंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन पुरी से निरस्त रहेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ से जानकारी प्राप्त करके ही यात्रा प्रारंभ करें।




## इंटरमीडिएट ब्लॉक सिगनलिंग से ट्रेनों के सिस्टम में सुधार

**कटनी।** भारतीय रेल में इंटरमीडिएट ब्लॉक सिगनलिंग व्यवस्था आईबीएस प्रणाली से डबल लाइन सेक्शन पर रेलखंड क्षमता बढ़ाने के लिए की जाती है। आईबीएस एक लंबी रेलखंड को दो खंडों में विभाजित कर ज्यादा रेल गाड़ियां चलाई जा सकती है। वर्ष 2021-22 में पश्चिम मध्य रेल ने कटनी-सिंगरौली रेलखंड के कटंगीखुर्द-सलहना और मझगवां-टिकरिया रेलखण्ड पर 3 आईबीएस पहले ही स्थापित कर दिये हैं। पमरे ने वर्ष 2021-22 में अब तक कुल 4 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिगनल आईबीएस प्रणाली स्थापित कर दिये गये हैं। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों में कुल 100 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिगनल प्रणाली स्थापित कर दी गई है। यह पूर्णतः इलेक्टॉनिक सिस्टम पर आधारित है। इससे इन खंडों के सेक्शन क्षमता में वृद्धि होगी एवं ट्रेनों की स्पीड भी बढ़ेगी। आईबीएस में ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट की आवश्यकता नहीं होती है तथा न ही स्टेशन मास्टर और ऑपरेटिंग स्टाफ की आवश्यकता होती है, जिससे ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट, स्टेशन बिल्डिंग और ऑपरेटिंग स्टाफ पर होने वाले खर्च की बचत होती है। आईबीएस प्रणाली रेलगाड़ियों की निकटता को कम से कम करती है और ट्रेन की गति को बढ़ाती है, जिससे समय की बचत होती है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा नई तकनीक की डिजिटल प्रणालियों की सुविधाओं को उपयोग करने में सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। उच्च तकनीक की नई प्रणालियों को उपयोग करने में पमरे आगे की ओर बढ़ रहा है।

**कटनी-सिंगरौली रेलखंड के कटंगीखुर्द-सलहना के बीच आईबीएस स्थापित**

### हाईवे की बंद स्ट्रीट लाइट में सुधार



कलेक्टर मार्ग पर बरगवां से लेकर माधवनगर गेट तक की स्ट्रीट लाइट पिछले काफी दिनों से बंद थी। नगर निगम प्रशासन का ध्यान आत्कृष्ट कराए जाने पर नगर निगम के विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने स्ट्रीट लाइट में सुधार किया।

## शहर में शुरू हुई क्रिसमस की तैयारियां

**25 दिसंबर को धूमधाम से मनेगा क्रिसमस-डे**

**कटनी।** दुनिया को प्रेम और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव क्रिसमस हर साल की तरह की इस वर्ष भी अपार उत्साह और उमंग के बीच मनाया जाएगा। क्रिसमस डे को लेकर मसीही धर्मावलंबियों ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। चर्चों के साथ ही घरों में रंग रोंगन के साथ ही आकर्षक विद्युत साज सज्जा की जा रही है। क्रिसमस डे को लेकर नगर निगम के पास स्थित एस एस फिलिप एंड जेम्स सीएनआई चर्च और सिविल लाइन स्थित सेंटपॉल चर्च सहित शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित चर्चों और गिरजाघरों में तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है और मसीही धर्मावलंबियों पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। घरों में कैरोल सिंगिग के भी आयोजन हो रहे हैं। तरह-तरह के पकवान और मिटाईयां बनाई जा रही हैं। क्रिसमस डे का मसीही धर्मावलंबियों को साल भर इंतजार रहता है। 25 दिसंबर मध्य रात्रि दुनिया को प्रेम और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह का हुआ था। पर्व को बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**

क0/ 6679 /लोनिवि/निर्माण/2021-22 कटनी, दिनांक:- 07/12/2021

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म0प्र0शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें प्रतिशत दर पर दी जावें। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (रूपये लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | समय अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | निविदा आमंत्रण का कम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमीरगंज तालाब का उन्नयन एवं सौन्दर्यीकरण कार्य | 108.00 | 54000 | 180 दिवस | 12500 | प्रथम |

निविदा का शेड्यूड निम्नानुसार है :-
(1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 13/12/2021 को सायंकाल 5:30 से।
(2) प्री-बिड मीटिंग की तिथि 28/12/2021 को दोपहर 02:00 बजे से नोडल अधिकारी के कक्ष में ।
(3) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12/01/2022 को सायंकाल 5:30 तक।
(4) बिड खोलने की तिथि 14/01/2022 को दोपहर 01:00 बजे से।

नोट :-
(1) निविदा सम्बन्धी समस्त संशोधन सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नहीं ।
(2) सामान प्रकृति के कार्य किये जाने वाले फर्मो को प्राथमिकता दी जावेगी ।
(3) मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम (वित्त एवं लेखा) नियम, 2018 एवं उक्त के सम्बन्ध में संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र., भोपाल द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश प्रभावशील होंगे।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम कटनी**

**किराये से देना है**

श्री गहोई वैश्य पंचायत भवन स्थित गहोई मार्केट में दुकान किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
कार्यालय ट्रस्ट कमेटी, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड, कटनी
फोन- 07622-400519

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी. , डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)

।। उपलब्ध उपचार ।।

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना

**हर माह के चौथे शनिवार को प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।**

**नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।**

# एसीसी के कैमोर सीमेंट प्लांट में फिर शुरू हुआ वीआरएस का दौर

**चार साल के एकमुश्त वेतन सहित मेडिक्लेम और 10 लाख रुपए तक की बीमा राशि का भी ऑफर**

**कैमोर। एसीसी के कैमोर स्थित सीमेंट प्लांट में पिछले लगभग एक साल से मशीनीकरण और आधुनिकरण का सिलसिला जारी है जिसके चलते प्लांट में एक बार फिर श्रमाधिक्य (लेबर सरप्लस) की स्थिति बन गई है। इसे समायोजित करने के लिए मुंबई मुख्यालय के निर्देश पर स्थानीय प्रबंधन द्वारा यहां एक दिसम्बर से एक बार फिर स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति (वी आर एस) प्रारंभ की गई है। एक दिसम्बर से शुरू हुई स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति की यह योजना 31 दिसम्बर तक जारी रहेगी।**




इस योजना को लेकर एसीसी प्रबंधन द्वारा सूचना पटल पर जो नोटिस चस्पा किया गया है उसके अनुसार कैमोर सीमेंट प्लांट में कम से कम पांच साल तक की कार्य अवधि पूरी करने वाले स्थायी श्रमिक या कर्मचारी इस योजना में शामिल हो सकेंगे। श्रमिक अथवा कर्मचारी द्वारा वी आर एस का प्रस्ताव देने के बाद उसे किसी भी स्थिति में वापस नहीं लिया जा सकेगा। प्रबंधन द्वारा जिस दिन वी आर एस स्वीकार करने की सूचना वी आर एस देने वाले को दी जाएगी उसी दिन से उसे सेवानिवृत्त माना जायेगा। वी आर एस लेने वाले श्रमिक अथवा कर्मचारी को चार साल का एकमुश्त वेतन भुगतान किया जाएगा। वी आर एस लेने वाला श्रमिक अथवा कर्मचारी सेवानिवृत्त होने की वास्तविक अवधि अर्थात 60 वर्ष की उम्र तक समूह बीमा योजना का पात्र रहेगा। 60 वर्ष की उम्र पूरी होने या सेवा निवृत्त होने की वास्तविक तिथि से पहले उसकी मृत्यु हो जाने पर उसके आश्रितों को 10 लाख की बीमा राशि का भुगतान एसीसी द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा सवा लाख रुपए मेडिक्लेम के रूप में प्राप्त करने की पात्रता भी वी आर एस लेने वाले को रहेगी। श्रमिक अथवा कर्मचारी को वी आर एस के बाद भी 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक एसीसी हॉस्पिटल में निशुल्क ईलाज की सुविधा रहेगी। वी आर एस लेने वाले को किसी अन्य प्लांट में समायोजित नहीं किया जाएगा। प्रबंधन पूर्वघोषित तिथि से पहले भी इस योजना को बंद कर सकता है।

### योजना को लेकर श्रमिको में उत्साह कम, चिंता ज़्यादा

एसीसी में वी आर एस का इतिहास कभी अच्छा नही रहा। सबसे खतरनाक वी आर एस सन 2002- 03 के आस-पास शुरू हुआ था जब एसीसी के दो आधुनिक प्लांट बनकर तैयार हुए थे। तब वी आर एस की आड़ में सैकड़ों स्थायी श्रमिकों की सेवाएं समाप्त हो गई थीं। वी आर एस का यह सिलसिला कई साल तक चलता रहा। 2009-10 के बाद ही इसमें रोक लगी थी तब तक आधे श्रमिक अपनी नौकरी गंवा चुके थे। हालांकि इसके बाद 2017, 2018 और 2019 में भी वी आर एस हुए पर तब जबरिया दबाव देकर वी आर एस कराये जाने की शिकायतें बेहद कम रहीं। अब एक बार 2021 के अंतिम दिनों में फिर वी आर एस शुरू हुआ है। वी आर एस लेने वाले श्रमिकों के लिये आकर्षक प्रस्ताव भी प्रबंधन ने सामने रखे हैं फिर भी श्रमिकों में इसे लेकर चिंता देखी जा रही। इन दिनों कैमोर में श्रमिक संगठनों की स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती। इंटक और बी एम एस से जुड़े दो प्रमुख संगठन अपनी अंर्तकलह से जूझ रहे। प्रबंधन श्रमिक संगठनों में फूट का पूरा फायदा उठा रहा। वी आर एस शुरू करने से पहले प्रबंधन ने किसी भी श्रमिक संगठन से चर्चा करना जरूरी नहीं समझा। हालांकि श्रमिक संगठनों के कुछ प्रतिनिधियों ने वी आर एस के नोटिस के बाद प्रबंधन से मिलकर इस पर चर्चा की है साथ ही प्रबंधन से आग्रह भी किया है कि वी आर एस के लिए श्रमिकों पर किसी तरह का दबाव न बनाया जाये अब श्रमिक प्रतिनिधियों के इस आग्रह को प्रबंधन किस हद तक स्वीकार करता है इसका पता आने वाले दिनों में चल जाएगा।

### विधायक संजय पाठक ने प्रबंधन को किया है आगाह

बताया गया कि एसीसी द्वारा वी आर एस फिर शुरू किए जाने की खबर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं छेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को भी है। इस खबर को संज्ञान में लेते हुए विधायक श्री पाठक ने एसीसी कैमोर के डायरेक्टर प्लांट के आर



रेड्डी से फोन पर चर्चा भी की है। श्री पाठक ने प्रबंधन को आगाह करते हुए कहा है कि श्रमिकों पर किसी भी तरह का अनुचित दबाव वी आर एस के लिए न डाला जाए। जो श्रमिक स्वेच्छा से वी आर एस लेना चाहें उन्हें ही इस योजना में शामिल किया जाए। विधायक श्री पाठक ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि श्रमिकों से जबरिया वी आर एस कराया गया तो कंपनी को इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।



# क्षेत्रीय विधायक के सहयोग से लौटे ग्रामीणों ने बताई आपबीती

**विजयराघवगढ़।** क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के मजदूरों को स्थानीय ठेकेदार द्वारा गन्ना कटाई के काम का प्रलोभन देकर कर्नाटक ले जा कर काम पर लगाया गया था।

कर्नाटक से वापस लोटे क्षेत्रीय मजदूरें ने विजयराघवगढ़ विधायक कार्यालय पहुंचकर आपबीती सुनाई। सलैया कोहरी के जितेंद्र कोल ने बताया एक माह काम कराने के उपरांत मजदूरों द्वारा अपनी मजदूरी की मांग करने पर ठेकेदार द्वारा बहाने बाजी कर खर्चे के लिए कुछ पेमेंट किया गया। इससे लोगो को कुछ शंका होने लगी। जिससे कुछ लोग वापस लौटने पैसे की मांग की किन्तु ठेकेदार ने लोगो से कहा जितने लोग वापस जाएगे अपने बदले पहले यहा उतने आदमी भेजे। या प्रति व्यक्ति 3500/- जमा करो। परेशान ग्रामीणों ने फोन कर क्षेत्रीय विधायक कार्यालय में सम्पर्क कर कार्यालय प्रभारी सन्त कुमार विश्वकर्मा से जानकारी देकर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को जानकारी देने निवेदन किया।

श्री विश्वकर्मा द्वारा विधायक को जानकारी दी गई। सूचना प्राप्त होते ही विधायक संजय संजय पाठक ने तत्काल केमजदूरों से संपर्क कर आनन फानन पुलिस विभाग को अलर्ट कर समस्त मजदूरों को विजयराघवगढ़ पहुंचने की व्यवस्था कराई। जहां कर्नाटक पुलिस के सहयोग से ठेकेदार द्वारा मजदूरों को कटनी एवं कटनी से कैमोर पुलिस द्वारा कैमोर तक लाने की व्यवस्था की गई जहां से वापस पहुंच मजदूर अपने अपने गांव के लिए अपने साधन से घर पहुंचे। परेशान क्षेत्रीय मजदूर एकत्र होकर क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचकर अपनी आपबीती बताएं। इस अवसर पर जितेंद्र कॉल दुर्गा कॉल बसंत लाल कोल, तो वा चौधरी विष्णु कॉल, कैलाश स्कूल सुमित कॉल कुट्टू कॉल जगधर चौधरी, सूरज कॉल सिकंदर कॉल संतोष भवन गोपाल चौधरी, ओक गूगल शिवा कॉल सूरज चौधरी, मोनू चौधरी मनसुखलाल कॉल जानकीबाई चौधरी, संजू बाई चौधरी पार्वती कॉल सहित सलैया को हारी पचवारा विजय राघौगढ़ सीकर गुड़िया पिपरा सरी दुर्जनपुर इटवा बरुआ आदि ग्रामों के 85 लोगों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर आपबीती बताई व स्थानीय ठेकेदार के साथियों पर एफआई दर्ज कर सख्त कार्यवाही की माग किए।

# कैमोर, विजयराघवगढ़ में बकाया कर के 360 मामलों का निराकरण

**6 लाख 90 हज़ार से अधिक का राजस्व खातों में जमा हुआ**

**कटनी।** गत 11 दिसम्बर को कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषद द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में बकाया कर के कुल 360 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 6 लाख 90 हज़ार से भी अधिक का राजस्व नगर परिषदों के खातों में जमा हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैमोर नगर परिषद में जलकर और संपत्तिकर के कुल 217 मामलों में 293495 की राशि जमा की गई वहीं विजयराघवगढ़ नगर परिषद में जलकर, संपति कर और दुकानों के किराए के रूप में 397326 की राशि कोष तक पहुंची। विजयराघवगढ़ की तुलना में कैमोर में कम राजस्व प्राप्त होने के पीछे कारण यह बताया गया कि कैमोर में एसीसी और एवरेस्ट इंडस्ट्रीज सबसे बड़े करदाता हैं जो अपने करों का भुगतान नियत समय पर करते हैं इसीलिए लोक अदालत में इनके प्रकरण शामिल नहीं किये गए।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय पर करें निराकरण

**समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने की लंबित पत्रों की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश**



**कटनी।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने लंबित पत्रों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीईओ श्री गोमे ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। सीएम हेल्प लाइन के मामलों में समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन विभागों ने सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों को अटैंड नहीं किया है, ऐसे विभागों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी सीईओ श्री गोमे ने दिए। सीईओ जिला पंचायत ने सीएम हेल्पलाइन के अलावा सीएम हाउस और सीएम मोनिट के मामलों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। समाधान में चयनित विषय भूमि पर से कब्जा हटाना, भूअर्जन, निर्माण कार्य, विद्युत ट्रांसफार्मर, प्रकरणों में विवेचना में देरी आदि के प्रकरणों का भी समय पर निराकरण करने के निर्देश सीईओ श्री गोमे ने टीएल में दिए। टीएल बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने विधानसभा प्रश्नों के जवाब समय पर देने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लंबित पत्रों की समीक्षा की और प्रकरणों के निराकरण के निर्देश प्रदान किए। बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

**पर्व में होने वाले आयोजनों को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक का हुआ आयोजन**

# गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए समय पर पूरी करें व्यवस्थाएं



कटनी। गणतंत्र दिवस पर्व में होने वाले आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। सीईओ श्री गोमे ने शासन के निर्देशानुसार आयोजन की तैयारी करने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में सीईओ श्री गोमे ने गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय कार्यालयों में रोशनी करने के निर्देश प्रदान किए।

बैठक में बताया गया कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह फारेस्टर प्ले ग्राउंड में आयोजित होगा। जहां पर झंडा वंदन के साथ ही परेड का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सीईओ श्री गोमे ने पुलिस के दल, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, शौर्यादल के रिहर्सल कर परेड की तैयारी कराने की व्यवस्था पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जाने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में बताया गया कि मुख्य समारोह के दौरान झंडा वंदन के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा और कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए आयोजन किए जाएंगे।

कोविड नियमों को ध्यान में रखते हुए समारोह के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व परिजनों का सम्मान उनसे गृह भेंट कर करने के निर्देश बैठक में सीईओ श्री गोमे ने दिए। मुख्य समारोह के लिए नगर निगम सहित अन्य विभागों को दायित्व भी बैठक के दौरान प्रदान किए गए और समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ ने दिए। इस दौरान नगर निगम, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्य मार्गो में सुचारू यातायात हेतु किये जा रहे निरंतर प्रयास



**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी के अतिक्रमण अमले द्वारा मुख्य मार्गो के किनारे के अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया करानें के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। अतिकमण प्रभारी एस.के.गर्ग नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम की सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो थाना तिराहा से स्टेट बैंक चौराहा होते हुए जिला चिकित्सालय, महारानी लक्ष्मी बाई चौराहा, सुभाष चौक, सिल्वर टॉकीज रोड, झंडा बाजार, गोल बाजार, दिलबहार चौराहा मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग तथा थाना तिराहा से मिशन चौक तक के समस्त फल सब्जी विक्रेताओं एवं फुटकर दुकानदारों को हाकर्स जोन एवं निर्धारित स्थलों पर भेजनें की कार्यवाही की गई। हाकर्स जोन से सुचारू व्यवसाय हेतु हाकर्स जोन परिसर के बाहर खडे सब्जी ठेला व्यवसाईयों को हाकर्स जोन के बाहर ठेले न की मुनादी कराई जाकर निर्धारित स्थल प्लेटफार्म पर बैठकर ही व्यवसाय करनें की हिदायत दी गई।

# पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी को बताए गए चुनाव के दायित्व

**तीन केन्द्रों में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन, अधिकारियों ने भी किया प्रशिक्षण स्थलों का भ्रमण**





**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार जिले में स्थानीय निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर निर्वाचन संबंधी कार्य में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारियों को उनके दायित्वों की जानकारी देने प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को तीन स्थानों पर स्थानीय निर्वाचन में संलग्न किए गए पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी क्रमांक-1 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारी, कर्मचारियों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई। नगर के पॉलिटेक्निक कॉलेज के पांच कक्ष, शासकीय मॉडल स्कूल के दो और नालंदा स्कूल के तीन कक्षों में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी क्रमांक-1 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 20 मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारी, कर्मचारियों को मतदान अधिकारी क्रमांक-1,2,3,4 के दायित्वों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतदान से पूर्व मॉकपोल कराना, ईवीएम की तैयारी, मतपेटी व मतपत्र का उपयोग, मतदान के दौरान आने वाली कठिनाइयों का निराकरण कैसे किया जाए, इस बात की जानकारी दी गई। इसके अलावा मतदान स्थल पर की जाने वाले सरपंच व पंच पद के मतों की गणना को लेकर भी अधिकारी, कर्मचारियों को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने शासकीय मॉडल स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम पहुंचकर अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। वहीं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने सभी प्रशिक्षण केन्द्रों में पहुंचकर निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को उनके दायित्व बताए और निर्वाचन कार्य में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस बात की जानकारी दी। तीनों केन्द्रों में लगभग 600 अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।



# विधि महाविद्यालय के छात्रों ने देखी नेशनल लोक अदालत कार्यप्रणाली

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामाचरण उपाध्याय, जिला न्यायाधीश, सचिव दिनेश कुमार नोटिया के दिशा-निर्देशन में जिला न्यायालय कटनी और तहसील न्यायालयों (विजयराघवगढ़, बरही, ढ़ीमरखेड़ा) व अन्य विभागों में 11 दिसम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत चड्डा कॉलेज कटनी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। आयोजन के दौरान विधि के छात्रों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यशैली और न्यायालय व लोक अदालत के संबंध में जिज्ञासा प्रकट की थी और कार्यवाही को देखने का अनुरोध किया था। शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में चड्डा विधि महाविद्यालय के प्रोफेसर्स करीब 50 छात्र-छात्राओं सहित उपस्थित हुये। सचिव दिनेश कुमार नोटिया ने विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नेशनल लोक अदालत की कार्यप्रणाली व लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण से होने वाले लाभों को समझाने के लिये प्रीलिटिगेशन मामलों के अंतर्गत विद्युत विभाग, बीएसएनएल एवं बैंकों से संबंधित स्टॉलों का विजिट कराते हुये नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों को रखने एवं निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अलग-अलग ग्रुपों में बांटकर न्यायालय के विभिन्न अनुभाग जैसे पुस्तकालय, कोर्ट रूम, कुटुम्ब न्यायालय, सेशन न्यायालय, मजिस्ट्रेट न्यायालय, कार्यालय अनुभाग, नजारत अनुभाग, कुटुम्ब न्यायालय कार्यालय अनुभाग, अभियोजन अनुभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का विजिट कराते हुये विभिन्न अनुभागों में संपादित होने वाले कार्यो की जानकारी प्रदान की। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विद्युत, एन.आई एक्ट, आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरणों को आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत कराये जाने के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | |
|---|---|
| 1 दिन | 150/- |
| 3 दिन | 250/- |
| 7 दिन | 500/- |
| 15 दिन | 1200/- |
| 30 दिन | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# रक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी देखने शहरवासियों में खासा उत्साह

**आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयुध निर्माणी के ईस्टलैण्ड स्थित कम्युनिटी हाल में 13 से 19 दिसंबर तक आयोजन**






### सोमवार को रक्षा मंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**कटनी।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ को लेकर आयुध निर्माणी इस्टेट परिसर के ईस्ट लैण्ड स्थित कम्यूनिटी हाल में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 19 दिसम्बर तक सार्वजनिक रक्षा उत्पाद प्रदर्शनी एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल, विशिष्ट अतिथि जिला उद्योग केंद्र से अजय श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम में ज्वाइन जनरल मैनेजर व आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ.आर.एन.झा भी मौजूद रहे। इस दौरान तकीनीका ब्राउसर का विमोचन किया। अधिकारियों का स्वागत-सम्मान किया गया। अधिकारी-कर्मचारियों, कर्मचारी नेता व बच्चों सहित शहर के नागरिकों की उपस्थिति रही। प्रदर्शनी में आठ स्टॉल लगाए गए हैं। गौरतलब है कि यंत्र इंडिया लिमिटेड कटनी में एके-47 एस्सॉस के कप्स




(कारतूस के हिस्से), हैंड ग्रेनेड के पाट्‌र्स तैयार होते हैं। उनकी प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अलावा स्मोक बम, फ्यूज माइनस एसेम्बली, इंडियन फील्ड गन के बाम का खोका (आएफजी बम खोखे), बोफोर्स तोप में गोला लगता है उसका पाट्‌र्स है ड्राइविंग बैंड बनता है। इनको भी प्रदर्शनी में रखा गया। उल्लेखनीय है कि देश की शहरदों में अपनी जान की बाजी लगाकर वतन की सुरक्षा के लिए वीर जवान जिन घातक हथियारों का उपयोग कर देश के दुश्मनों का सीना छलनी करते हैं और उनके नापाक मंसूबों को जिन हथियारों की दम पर पस्त करते हैं। उनके पाट्‌र्स कटनी में ही तैयार हो रहे हैं। यह काम होता है यंत्र इंडिया लिमिटेड कटनी( आयुध निर्माणी कटनी ) में, इसको लेकर न सिर्फ कर्मचारियों बल्कि शहवासियों को भी खास गर्व है। यन्त्र इंडिया लिमिटेड मुख्यालय के मार्गदर्शन और नवागत निर्माणी महाप्रबंधक विश्वजीत प्रधान के निर्देशन में रक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यंत्र इंडिया लिमिटेड कटनी( आयुध निर्माणी कटनी ) में सेना के उपयोग के लिए तैयार किए जाने वाले हथियारों के साजोसामान जैसे हैंड ग्रेनेड, स्मोक बम, फ्यूज माइन असेम्बली, बोफोर्स के शेल का ड्राइविंग बैण्ड, इंडियन फील्ड गन के शेल, एके-47 व इंसास राइफल के कारतूस और स्माल आर्म्स के कप इत्यादि मेटलर्जिकल प्रोडक्ट का निर्माण किया जाता है।

# शहर में बेखौफ बाइक चोर

### तीन मोटर सायकल फिर चोरी

**कटनी।** कटनी में चोर कितने बेखौफ हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अभी एक दिन पहले एक बदमाश को पकड़कर पुलिस ने उससे चोरी की चार मोटर सायकल बरामद करने के बाद फुर्सत ही हुई थी कि बेखौफ बदमाश शहर के रेलवे स्टेशन, रबर फैक्ट्री व बरही रोड क्षेत्र से फिर तीन मोटर सायकल लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने चोरी की सूचना पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि एकनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम मढ़ाना निवासी श्रवण कुमार पिता रविशंकर बर्मन किसी कार्यवश रेलवे स्टेशन आया था। इसीदौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 की ओर से उसकी स्कूटी क्रमांक एम.पी.21एमई-8313 को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। चोरी गई स्कूटी की कीमत 70 हजार रूपए बताई जा रही है। इसी प्रकार रबर फैक्ट्री रोड निवासी अनिल कुमार पिता प्रेमशंकर दुबे की 70 हजार रूपए कीमती एक्टिवा स्कूटी क्रमांक एम.पी.21एमई-8435 को अज्ञात बदमाश मकान के सामने से लेकर चंपत हो गए। इसके अलावा बरही रोड क्षेत्र स्थित पंकज पैलेस के सामने से बदमाशों ने जयहिंद चौक झर्राटिकुरिया निवासी पंकज पिता रामप्रकाश तिवारी की स्कूटी क्रमांक एम.पी.21एमई-5233 को पार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।



# 47 हजार के भेड़-बकरी जप्त

### क्रूरतम परिवहन पर कुठला पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** कुठला पुलिस ने चाका टोल प्लाजा के पास से दो ट्रकों में क्रूरता पूर्ण तरीके परिवहन की जा रही भेड़-बकरियों को जप्त किया है। जप्त की गई भेड़-बकरियों की कीमत करीब 46 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। भेड़-बकरियों को उत्तरप्रदेश से नागपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि चाका टोल नाके के पास दो ट्रकों को रोका गया। ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भेड़ बकरियों को रखा गया था। ट्रक चालकों के पास भेड़-बकरियों के परिवहन संबंधी दस्तावेज भी नहीं थे। पुलिस ने दोनों ट्रकों सहित भेड़-बकरियों को जप्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पशू क्रूरता निवारण अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि भेड़-बकरियों को उत्तरप्रदेश से नागपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने क्रूरता पूर्वक अवैध परिवहन करने पर सीधी जिले के रामपुर थाना अंतर्गत पुस्ता गांव निवासी बालेन्द्र पिता श्याम सुन्दर सिंह, महाराष्ट्र नागपुर निवासी हरिराम पिता नन्हे पाल, मझौली निवासी राजभान पिता भैयालाल सिह, नागपुर निवासी आकाश पिता लोचन यादव को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने एक ट्रक से 343 बकरे-बकरियां जप्त की हैं। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 28 लाख रुपए आंकी गई है जबकि दूसरे ट्रक से 295 नगर बकरिया और भेड़ जप्त की गई है। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख 40 हजार रुपए हैं।

# करंट लगने से दुल्हन के चचेरे भाई की मौत

### शादी की खुशियां मातम में बदली, स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छपरा में हृदय विदारक घटना

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम छपरा में जायसवाल परिवार के विवाह समारोह के दौरान हृदय विदारक घटना घटित हो गई। जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई। रविवार की रात वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था कि उसी दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आने से जायसवाल परिवार के एक युवक की जान चली गई। बताया जाता है कि ग्राम छपरा में प्रभु दयाल जायसवाल की बेटी का वैवाहिक कार्यक्रम था। बारात ग्राम सिमरा रीठी से आई हुई थी। वैवाहिक कार्यक्रम के



मृतक का जीवित अवस्था छायाचित्र

दौरान रात्रि 2 बजे के आसपास चढ़ाव कार्यक्रम के बाद 24 वर्षीय दीपक जयसवाल पिता सुरेंद्र जायसवाल छत पर किसी काम से गया। जहां छत पर टेंट व्यवस्था थी। इसी दौरान दीपक हाईटेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर तरीके से झुलस गया। चीख-पुकार करने पर लोग दौड़े और गंभीर अवस्था में दीपक को उपचार के लिए कटनी रवाना हुए लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

### शोकपूर्ण माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

एक दिन पहले जहां खुशियों का माहौल था वही पलक झपकते दूसरे दिन दुल्हन के चचेरे भाई की मौत से माहौल गमगीन हो गया। जिला अस्पताल में सोमवार को मृतक के शव का पीएम कराया गया और अंतिम संस्कार सोमवार को ही शाम 4 बजे अत्यंत गमगीन शोकपूर्ण माहौल में किया गया। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। जिला अस्पताल चौकी से मर्ग डायरी आने के बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

**बढ़ रहे ठगी के मामलों का नहीं चल पा रहा सुराग**

# डिवाइस में अंगूठा लगवाकर निकाल लिए रुपये

### प्रशासनिक अधिकारी बनकर कार में सवार होकर पहुंचा ठग

**कटनी।** उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम हरदी निवासी दंपति ठगी का शिकार हो गए। ग्राम निवासी रामगोपाल पिता सुखीलाल लोधी एवं उजयारीबाई ने



बताया कि गतदिवस जब वो अपने खेत में बने मकान में काम कर रहे थे। तब सफेद कलर की कार में सवार उमरियापान की तरफ से हरी शर्ट और काला पेंट पहने एक व्यक्ति सड़क किनारे चारपहिया वाहन खड़ी करके उनके बाड़े में आ गया। मकान में रखे पलंग में बैठकर यह कहता है की में प्रशासनिक अधिकारी हूं, पंचायत में सरपंच-सचिव के माध्यम से दी जाने वाली हितग्राही मूलक योजनाओं का निरीक्षण और वस्तु स्थिति पता करने आया हूं। तुम्हारे आवास का पैसा और मजदूरी की पूरी राशि का भुगतान हुआ है या नहीं। इसकी जांच करने आया हूं। साथ ही तुम्हे गैस कनेक्शन और शौचालय का लाभ मिला है या नहीं। कार से पहुंचा युवक आदी बातों में उलझा लेता है। बाद में यह भी कहता की तुम्हारे आवास की मजदूरी बाकी है, जिसे पंद्रह दिन बाद बैंक जाकर निकलवा लेना। इस दौरान अपने बैग से डिवाइस निकालकर उसमें रामगोपाल लोधी से अंगूठा लगवाकर दो बार में दस-दस हजार करके बीस हजार और उजयारी बाई के तीन हजार आठ सौ रुपए निकाल लिया। उक्त व्यक्ति शंका होने पर मेरे द्वारा तत्काल बारह बजे कियोस्क शाखा हरदी बैंक जाने पर पता किया तो पता चला कि खाते से बीस हजार रूपए निकल गए हैं। इसके तुरंत बाद बैंक स्टेटमेंट निकलवाने के बाद वहीं से उमरियापान थाने पहुंचकर शिकायत की है। हैरानी की बात तो यह है कि लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं और पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है।

# धान लोड लोडर पलटा, चार घायल

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के पिंडरई मोड़ के समीप सोमवार को धान से लदी के पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप में सवार चार लोगों को चोटें आई है। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने सभी घायलों को उमरियापान अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। कार्यवाहक एएसआई महेश झारिया ने बताया कि चालक शेख शाहिद पिंडरई पिपरिया गांव से पिकअप वाहन में धान लादकर ढीमरखेड़ा ला रहा था। पिंडरई मोड़ निकलते ही चालक के हाथों वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में पिकअप में सवार गणेश प्रसाद, सोनू गौटिया, कमल सिंह गौंड और श्यामा बाई गौटिया घायल हो गए। सभी घायलों का उमरियापान अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस प्रकरण दर्ज मामले की जांच में जुटी है।



टैरो क्वीन
राजुल मिश्रा द्वारा
टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार–दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें– 9343945285

# नौकरी से अलग किया तो धरने पर बैठ गई महिला

### अधिकारियों पर लगाया परेशान का आरोप

**कटनी।** नगर निगम में पिछले 14 सालों से कार्यरत एक महिला कर्मचारी को सेवा से अलग किये जाने के मामले को लेकर आज नगर निगम में जमकर हंगामा हुआ। महिला ने नोकरी में वापस रखे जाने की मांग को लेकर नगर निगम के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना दे दिया। ग्राम कैलवारा खुर्द निवासी मुन्नीबाई कुशवाहा ने बताया कि वो नगर निगम में 1990 से भर्ती हैं। 14 साल से काम कर रहे थे। नगर निगम के बाद में जल प्रदाय में कार्यरत थी लेकिन आयुक्त द्वारा अचानक सेवा से अलग कर दिया गया। साथ ही वेतन का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। पिछले कई सालों से वो लगातार नौकरी पाने के लिए दर.दर भटक रही है। अधिकारी हमेशा बहाना बनाकर भगा देते हैं। कुछ दिन पहले माधवनगर सर्किट हाउस में राज्यपाल आए हुए थे। उनसे भी नौकरी की आस लेकर पहुंचे थे तो वहां से भी कोई सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर आज महिला ने नगर निगम के गेट पर धरना दे दिया।



JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.


सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता– टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V.
(Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय–सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful
Reliance digital
TRENDS GET THEM TALKING
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
City Pride Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक–श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन– (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)